तापमान
अधिकतम 27.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 24 अगस्त 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड




14 भंवरपुर नवीन महाविद्यालय में जूनियर छात्रों को हुआ स्वागत समारोह


14 धूमधाम से मनाया गया पोला पर्व



## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th / 12th / स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की

इच्छुक छात्र आवेदन करें

फायर सेफ्टी के कोर्स

1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.


पर्व विशेष : जिले में धूमधाम से मनाया गया पोला पर्व

# लगाया ठेठरी, खुरमी एवं गुड़हा चीला का भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ी पारंपरिक त्यौहार पोला शनिवार को अंचल में हर्षोल्लास से मनाया गया। गांवों में सुबह से ही बैलों को नहला धुलाकर सजाया गया, वहीं घरों में बच्चों ने मिट्टी के नांदिया बैलों को सजाया और पूजा की। मिट्टी से बने जांता घड़ा, चूल्हा समेत रसोई के तमाम तरह के बर्तनों की भी पूजा हुई और साल भर पशुधन के स्वस्थ रहने तथा रसोई में धन धान्य भरे रहने की कामना की गई।



पर्व को लेकर पहले से ही खरीदी चल रही थी। पर्व के एक दिन पूर्व शुक्रवार को शहर में पोला खरीदी के लिए आने वाले लोगो की काफी भीड़ देखने को मिली। त्यौहार के चलते शहर का बाजार शुक्रवार सुबह से ही सज गई, जगह-जगह नांदिया बैल, पोला-जाता बिकता रहा। घर के बड़े बच्चों के साथ दुकानों पर खरीदारी करने पहुंचे। शहर में पुलिस थाना, नेहरु चौक से लेकर बाजार तक पोला का बाजार गुलजार रहा। नांदिया बैल की बिक्री बाजार में 50 रुपये से लेकर 200 रुपये तक रही। वहीं पोला- जाता सेट में भी अलग से बिके। अलग-अलग स्थानों पर विभिन्न प्रकार के दाम बने रहे।

### मिट्टी से बने बैलों और बर्तनों की हुई पूजा

बड़े एवं बच्चे ने मिट्टी के बैलों की पूजा की और अपने अच्छी फसल और घर को धन-धान्य से परिपूर्ण होने के लिए प्रार्थना की गई।

### भोग में बने पारंपरिक व्यंजन

पारंपरिक ठेठरी, खुरमी, गुड़-चीला, गुलागुला भजिया जैसे पकवान तैयार किए और मिट्टी से बने बैलों एवं बर्तन जाता पोरा का भोग लगाकर अच्छी फसल और घर को धन-धान्य से परिपूर्ण होने के लिए कामना की गई।




## शराब का सेवन, अनियमित उपस्थिति विद्यार्थियों को डराने-धमकाने की शिकायत पर शिक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में फिर एक बार शराब का सेवन, अनियमित उपस्थिति, विद्यार्थियों को डराने धमकाने वाले शिक्षक पर कार्रवाई करते हुए निलंबित किया गया है। शराबी शिक्षक संजय नंद को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक द्वारा की की गई है। नंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बम्हनी पिथौरा में व्याख्याता (एलबी) के पद पर पदस्थ रहे। फिलहाल, शिक्षक को मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी वि.खं. पिथौरा में अटैच कर दिया गया है। बता दें कि नंद के खिलाफ शिकायत के बाद मामले की जांच कराई, जिसमें सही पाये जाने पर संचालक द्वारा कार्रवाई आदेश जारी किया गया।

### ग्रामीणों और शाला विकास समिति ने की थी शिकायत

जानकारी के मुताबिक, ग्रामीणों और शाला विकास समिति ने इस मामले में डीईओ और कलेक्टर जन दर्शन में शिकायत की थी। इस शिकायत के बाद कलेक्टर के आदेश पर जांच समिति की गठन की गई, जिसमें दो सहायक संचालक और बीईओ शामिल थे।

# बिरकोनी की 9 एम फैक्ट्री में बनी पैरासिटामॉल में मिले काले धब्बे

## सप्लाई की गई दवा की खेप घटिया, कंपनी को भेजा गया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने महासमुंद स्थित 9एम इंडिया लिमिटेड द्वारा सप्लाई की गई 2024 की विभिन्न खेपों में पैरासिटामोल 500 एमजी और 650 एमजी टैबलेट की गुणवत्ता में प्रथम दृष्टया में कमी पाई गई है। निगम के दवा गोदामों और स्वास्थ्य इकाइयों से मिली शिकायतों के बाद वर्ष 2024 में निर्मित बैचों की जांच कराई गई हैं। जांच रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि संबंधित बैच की दवाइयों की गुणवत्ता में कमी है और उन पर काले धब्बे पाए गए हैं जो आम लोगो के उपयोग के लिए उपयुक्त नहीं हैं। इसके बाद निगम ने आदेश जारी करते हुए कंपनी को नागरिकों के स्वास्थ्य सुरक्षा का ध्यान रखते हुए सभी संदिग्ध बैच तत्काल दवा गोदामों और स्वास्थ्य संस्थाओं से वापस लेने और उसकी जगह गुणवत्तापूर्ण नई खेप उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि कंपनी ने तय शर्तों के अनुरूप कार्रवाई नहीं की, तो निविदा नियमों के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी और इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी कंपनी की होगी।



### फार्म हाउस से सोलर पंप चोरी

**महासमुंद।** ग्राम पंडरीखार के एक कृषि फार्म हाउस में लगे सोलर पंप चोरी के मामले में तेंदूकोना थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को फार्म हाउस के मुंशी घनश्याम साहू पिता संतराम साहू ने बताया कि अलका कंसल का फार्म पंडरीखार में स्थित है जिनके खसरा नं. 463 में मध्य भारत सिंचाई कार्य हेतु 3 एचपी का सोलर पंप लगवाया था। जिसे 17 अगस्त की दरम्यानी रात को किसी ने चोरी कर ली। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने सिटी ग्राउंड के पास एक आरोपी के कब्जे से देशी प्लेन शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने के बाद सिटी ग्राउंड के पास बसना में आरोपी हेमसागर कुंवर पिता सुदर्शन कुंवर (23 साल) निवासी सीतापुर के कब्जे से एक सफेद रंग के 26 नग रोमियो देशी मदिरा प्लेन शराब कीमत 2080 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।




**खबर संक्षेप**



## नगर में भाजपा महामंत्री का जोशिला स्वागत

**महासमुंद**। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के नवनियुक्त महामंत्री नवीन मार्कंडेय एवं छग गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव के नगर आगमन पर नगर पालिका कार्यालय के सामने नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, नेता प्रतिपक्ष नानू भाई, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष व पार्षद पवन पटेल, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला महामंत्री उत्तरा प्रहरे, पार्षदगण मनीष शर्मा, पीयूष साहू, सीता डोंडेकर, पप्पू ठाकुर, सोनाधर सोनवानी, राजू चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि हफीज कुरैशी, भाजपा कार्यकर्तागण राहुल चंद्राकर, शरद मराठा, रेखा देवार, पंकज कसना, समसु खान, पुष्पा चंद्राकर ने जोशीला स्वागत किया तथा भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए। उल्लेखनीय है कि छग गृह निर्माण मंडल कैंपस में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण कार्यक्रम में आगमन हुआ था।



## शहीद घनश्याम कन्नौजे को दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में विद्यालय के भूतपूर्व छात्र शहीद घनश्याम कन्नौजे को शाला परिवार के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्राचार्य करण सिंह सोरी ने बताया कि शहीद घनश्याम कन्नौजे थाना भद्रकाली जिला बीजापुर में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल में आरक्षक के पद पर कार्यरत थे। आज ही के दिन साल 2011 में घटित नक्सल घटना में अदम्य साहस का परिचय देते हुए शहीद हुए थे। विद्यालय के बच्चों को शहीद घनश्याम कन्नौजे के वीरगाथा का वाचन कर सुनाया गया। पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मण मानिकपुरी द्वारा किया गया । कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता निर्मला कुजूर, कन्हैया लाल साहू, करुणा चंद्राकर, सीआर अग्रवाल, लता राजन, रागिनी चंद्राकर, टामेश्वरी साहू, अनुपमा मानिकपुरी, चित्रसेन साहू, संतराम साहू, श्रवण कुमार सिन्हा, राम प्रसाद मोहंती, रिचा पांडे, तारामती साहू, मनहरण लाल भट्ट, निधि गुप्ता, सुरेश कुमार गुप्ता, रेणुका चंद्राकर, सौरभ साहू, भानेंद्र बिसेन, मनीषा ठाकुर, केशव कन्नौजे एवं बच्चे उपस्थित रहे।



## नपाध्यक्ष ने जाम नाली की कराई सफाई

**महासमुंद**। रायपुर रोड में नाली जाम होने से सड़क पर पानी भरने की शिकायत पर नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने तत्काल टीम भेजकर नाली की सफाई कराई। रायपुर रोड में गणेश चॉइस सेंटर के सामने नाली जाम हो गया था। नाली जाम होने की शिकायत पालिका अध्यक्ष साहू को मिली। नाली जाम होने से सड़क पर पानी भर गया था। जिससे वाहन चालकों व पैदल चलने वाले लोगों को परेशानी हो रही थी। नपाध्यक्ष साहू ने सूचना मिलते ही सफाई प्रभारी और कर्मचारियों को नाली की सफाई करने के निर्देश दिए। जिस पर कर्मचारियों ने जाम नाली का स्लैब हटाकर नाली में जमे कचरे की सफाई की। सफाई के बाद सड़क पर भरा पानी स्वतः ही नाली में बह गया। नपाध्यक्ष साहू ने नागरिकों से अपील की है कि घर या दुकानों से निकलने वाले कचरे को नाली में न डाले। नाली में कचरा डालने से नाली जाम हो जाता है। जिससे गंदा पानी बाहर सड़क पर फैल जाता है। उन्होंने शहर वासियों को नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करने का निवेदन किया है। सफाई कार्य के दौरान नपाध्यक्ष साहू सहित सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर व कर्मचारी गण उपस्थित थे।

### व्यवस्था : शिक्षक व्यवस्था पूरा होने से ग्रामीणों में हर्ष

# पचरी के दोनों विद्यालयों में दो-दो शिक्षक की हुई पदस्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

ग्राम पंचायत पचरी की शिक्षा व्यवस्था में आज का दिन यादगार रहा। लंबे समय से यहाँ के शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की कमी बनी हुई थी। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी और ग्रामीणजन लगातार पदस्थापना की मांग कर रहे थे। अंततः यह मांग पूरी हुई जिला कलेक्टर के संवेदनशील मार्गदर्शन और विशेष प्रयासों से।युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत पचरी के दोनों विद्यालयों में दो-दो शिक्षक की पदस्थापना की गई। इससे अब विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ होगी तथा बच्चों को पढ़ाई के बेहतर अवसर मिल सकेंगे। इसी क्रम में जिला शिक्षा अधिकारी का प्रथम बार पचरी आगमन हुआ। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पचरी की सरपंच सरिता चूड़ामणि डड़सेना, उपसरपंच गैंदराम जोशी सहित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत कर शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।



ग्रामीणों ने कहा कि कलेक्टर के प्रयासों से ही शिक्षकों की कमी दूर हुई है, जिससे वर्षों पुरानी समस्या का समाधान संभव हो पाया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अब बच्चों की शिक्षा व्यवस्थित ढंग से संचालित होगी और भविष्य में भी कलेक्टर साहब के मार्गदर्शन से शैक्षणिक वातावरण में और सुधार होगा। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विद्यालय भवन की जर्जर स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए शीघ्र मरम्मत और व्यवस्था सुधार की मांग भी की।

जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया तथा बच्चों, शिक्षकों और ग्रामीणों से विस्तृत संवाद किया। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने की प्रेरणा दी और शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि विद्यालय भवन की समस्या तथा अन्य आवश्यकताओं को कलेक्टर के संज्ञान में लाकर शीघ्र निराकरण के लिए पहल की जाएगी।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत सिंघनपुर के सरपंच प्रतिनिधि देवेंद्र राय, मोहित, जनप्रतिनिधि राजेश लहरे, जनक सिन्हा, एसएमसी अध्यक्ष रुद्र डड़सेना, रमेश मन्नाडे कमल जोशी, ईश्वरी साहू, युगलकिशोर, टिकेश्वर, देवकुमार टंडन, सिन्हा, हलधर यादव, पिन्टू डोरा सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और प्रशासन का सहयोग करने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने पुनः एक स्वर में कहा कि कलेक्टर के संवेदनशील निर्णय और जिला शिक्षा विभाग की सक्रियता से गांव की शिक्षा व्यवस्था में एक नया अध्याय जुड़ा है।

## नाइट चेस क्लब पिथौरा में ऑनलाइन शतरंज प्रशिक्षण शुरू

**पिथौरा(ग्रामीण)**। जिला शतरंज महासमुंद व नाइट चेस क्लब पिथौरा के संयुक्त तत्वावधान में 22 से 28 अगस्त तक एक सप्ताहीय निशुल्क ऑनलाइन शतरंज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। क्लब के संयोजक एवं संभाग स्तरीय शालेय शतरंज स्पर्धा के लिए गठित महासमुंद टीम के कोच हेमंत खुटे ने बताया कि आगामी प्रतियोगिता से पूर्व चयनित खिलाड़ियों को प्रतिदिन रात्रि 7 से 8 बजे तक ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में उनके सहयोगी के रूप में चेस ट्रेनर व मुख्य निर्णायक रॉकी देवांगन रहेंगे। प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों को शतरंज की रणनीति, ओपनिंग, एंडगेम, पॉन प्रमोशन, चेकमेट पैटर्न, किलेबंदी, कॉम्बिनेशन, नोटेशन, चेस क्लॉक का उपयोग, स्कोरशीट भरना, एनपासेंट, पिन, स्टेलमेट व इलीगल मूव आदि की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। शिविर के अंतिम दिन लीचेस फॉर्मेट पर ऑनलाइन स्पर्धा भी कराई जाएगी ताकि खिलाड़ियों को जोन लेवल चैंपियनशिप का पूर्वाभ्यास मिल सके। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता प्रतियोगिता के संयोजक सुधीर प्रधान ने की जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शतरंज संघ महासमुंद के डॉ. डीएन साहू उपस्थित रहे।

## सामाजिक अंकेक्षण के महत्व और प्रक्रिया के बारे में दी गई जानकारी




**सरायपाली (ग्रामीण)**। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण का प्रशिक्षण संकुल केंद्र बड़े साजापाली एवं बेलटिकरी में संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में संकुल केंद्र के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शालाओं के समस्त प्रधानपाठक उपस्थित रहे।

संकुल प्राचार्य उग्रसेन पटेल ने सामाजिक अंकेक्षण के महत्व और इसकी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि शिक्षा के गुणवत्ता में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सामाजिक अंकेक्षण एक प्रभावी साधन है। इससे शाला स्तर पर होने वाले कार्यों का मूल्यांकन समाज के सहयोग से संभव हो पाता है। मास्टर ट्रेनर के रूप में उपस्थित हाईस्कूल रोहिना के प्राचार्य अजय जायसवाल ने सामाजिक अंकेक्षण में प्रश्नावली एवं रूब्रिक्स का सही उपयोग, मूल्यांकन प्रक्रिया, अंक आबंटन एवं विश्लेषण के संबंध में विस्तारपूर्वक बताते हुए शिक्षकों के शंकाओं का समाधान किया। प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र में संकुल प्राचार्य उग्रसेन पटेल के मार्गदर्शन में संकुल के समस्त शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें वरिष्ठ व्याख्याता सोमनाथ कैवर्त्य ने पॉक्सो एक्ट के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

व्याख्याता संजय तांडी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न पहलुओं से शिक्षकों को रूबरू कराया। कार्यक्रम में बेलटिकरी के संकुल समन्वयक घनश्याम साहू ने शिक्षा में गुणवत्ता लाने हेतु सम्मिलित प्रयास करने की बात कही।आभार प्रदर्शन संकुल समन्वयक त्रिलोचन पटेल एवं मंच संचालन व्याख्याता जवाहरलाल कर्ष ने किया।



## जनपद उपाध्यक्ष ने कलेक्टर से मुलाकात कर एनएच-353 पर स्ट्रीट लाइटें दुरुस्त कराने की मांग की

**महासमुंद**। महासमुंद पंचायत जनपद की उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने हाल ही में जिला कलेक्टर विनय कुमार लहंगे से मुलाकात कर क्षेत्र के महत्वपूर्ण समस्याओं उनका ध्यान आकर्षित कराया। उन्होंने नेशनल हाईवे 353 पर खरोरा से लेकर घोडारी तक के मार्ग पर लगी स्ट्रीट लाइटों की खराब स्थिति को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में चंद्राकर ने बताया कि इस मार्ग पर लगी अधिकांश स्ट्रीट लाइटें या तो जल नहीं रही हैं या फिर उन पर पेड़ों की डालियां इतनी अधिक आ गई हैं कि रोशनी सड़क तक नहीं पहुंच पा रही है। इस वजह से रात के समय यह मार्ग पूरी तरह अंधेरे में डूब जाता है, जिससे यातायात बुरी तरह प्रभावित होता है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने कलेक्टर से इस समस्या का तत्काल समाधान करने का आग्रह किया। कलेक्टर विनय कुमार लहंगे ने इस मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों से बात कर जल्द से जल्द बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने और लाइट को घेरने वाली पेड़ों की डालियों को कटवाने का निर्देश दिया, ताकि, सड़क पर सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।




## भाजपा नेताओं का किया गया स्वागत

**महासमुंद**। भाजपा की प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कंडेय तथा गृह निर्माण के अध्यक्ष अनुराग सिंह ठाकुर का स्थानीय अंबेडकर चौक में आई टी सेल प्रभारी शरद मराठा के नेतृत्व में फूल माला से स्वागत किया गया। इस अवसर पर युवा मोर्चा के साथीगण, नेतागण एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## आत्मानंद महाविद्यालय में नेशनल एंटी रैगिंग सप्ताह का सफल आयोजन

**महासमुंद**। स्वामी आत्मानंद शासकीय आदर्श महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अनुसुईया अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन और पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी के द्वारा निर्देशित राष्ट्रीय एंटी रैगिंग सप्ताह 12 अगस्त से 18 अगस्त 2025 तक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत 12 अगस्त को महाविद्यालय के कक्ष क्रमांक 5 में मां सरस्वती के पूजन वंदन से हुआ। स्वागत भाषण की कड़ी में संस्था प्रमुख प्राचार्य प्रो. डॉ अनसूईया अग्रवाल ने कहा कि रैगिंग जैसी कुप्रथाएं शिक्षा के वातावरण को दूषित करती हैं और इन्हें रोकना हम सब की जिम्मेदारी हैं उन्होंने अपनी पढ़ाई के समय की घटनाओं को बता कर छात्रों को इस विषय पर और सहज बना दिया तथा नवप्रवेशित छात्राओं के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करने का संदेश दिया। तत्पश्चात महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रतिमा चंद्राकर ने छात्रों को संबोधित करते हुए एंटी रैगिंग के कानून और दिशा निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी उन्होंने बताया कि एंटी रैगिंग एक दंडनीय अपराध है और इसके प्रति हर छात्रों को सजग रहना चाहिए। इसके उपरांत एंटी रैगिंग दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया, जिसमें प्रथम सेमेस्टर, तृतीय सेमेस्टर व तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भाषण कार्यक्रम में प्रथम सेमेस्टर की छात्रा कशिश चंद्राकर ने प्रथम स्थान, निहारिका देवांगन बीएससी फर्स्ट सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान व निखिल कुमार बीएससी तृतीय सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 13 अगस्त को रंगोली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन महाविद्यालय में हुआ जिसमें अलग-अलग कक्षाओं के कुल 6 ग्रुप के द्वारा एंटी रैगिंग थीम पर रंगोली बनाया गया जिसमें तोशिका सिन्हा बीए ग्रुप ने प्रथम, कशिश चंद्राकर बीकॉम ग्रुप ने द्वितीय तथा जिज्ञासा चंद्राकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 14 अगस्त को नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें प्रथम स्थान पर रितु साहू बीए तृतीय वर्ष, कशिश चंद्राकर बीकॉम फर्स्ट सेमेस्टर द्वितीय स्थान, हर्षिता खेस बीकॉम अंतिम वर्ष तृतीय स्थान पर रही।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन

**महासमुंद**। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में किया गया। करुणा दुबे प्राचार्य, डॉ.ईपी चेलक, संयोजक एनइपी, डॉ. रीता पांडेय सहसंयोजक, अजय कुमार राजा मास्टर ट्रेनर, डॉ अजय कुमार देवांगन एवं डॉक्टर नीलम अग्रवाल के संयोजन में यह आयोजन किया गया। व्याख्यान माला एनइपी सेल एवं मालवीय मिशन शिक्षण प्रशिक्षण केंद्र पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के तत्वावधान में समस्त विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के ऑनलाइन आयोजित किया गया था। विश्वविद्यालय द्वारा व्याख्यान माला के लिए एक लिंक दिया गया था और उस लिंक के माध्यम से महाविद्यालय के विद्यार्थियों को ऑनलाइन प्रोजेक्टर के माध्यम से की व्याख्यान व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर महाविद्यालय के बीए, बीकॉम, बीएससी एवं बीसीए स्नातक प्रथम के विद्यार्थी उपस्थित रहे। व्याख्यान प्रारंभ होने के पूर्व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य करुणा दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विषय का चयन कर लिया गया है एवं शीघ्र ही आप लोगों को असाइनमेंट का वितरण किया जाएगा। डॉ.ईपी चेलक द्वारा महाविद्यालय में अध्यापन कराये जा रहे जेनेरिक इलेक्टिव विषय के बारे में जानकारी दी। अजय कुमार राजा द्वारा विद्यार्थियों को क्रेडिट सिस्टम के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. रीता पांडेय ने विद्यार्थियों को कहा कि विद्यार्थी महाविद्यालय में नियमित रूप से उपस्थित होकर अध्ययन करें तभी विषय उन्हें समझ में आएगा।





## छात्रों ने वर्मी कंपोस्ट निर्माण करने की प्रक्रिया को जाना

**महासमुंद**। पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में वर्मी कंपोस्ट निर्माण करने की प्रक्रिया को विद्यार्थियों को सिखाया गया। इसके लिए विद्यालय में वर्मी कम्पोस्ट इकाई का निर्माण कृषि अधिकारी उमेश चंद्राकर के मार्गदर्शन में तैयार किया गया है। विद्यार्थियों ने इसके अंतर्गत वर्मी कंपोस्ट निर्माण के लिए आवश्यक संसाधन, निर्माण की प्रक्रिया और इसकी उपयोगिता के बारे में जाना। शिक्षक जेके चंद्राकर ने जैविक खेती के महत्व और वर्मी कंपोस्ट की उपयोगिता के बारे में विद्यार्थियों को बताया। विद्यालय के प्राचार्य संजय कंसल ने कहा कि पीएमश्री के तहत विद्यालय में विविध क्रियाकलाप आयोजित किए जा रहे है और संसाधन भी उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसका लाभ विद्यार्थियों को मिल रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक ओमप्रकाश चंद्राकर, प्रकृति श्रीवास्तव उपस्थित रहे।



## आंगनबाड़ी केंद्र में हुआ गोद भराई कार्यक्रम

**महासमुंद**। शहर के वार्ड नंबर 26 क्लबपारा स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में आयोजित गोद भराई कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वार्ड पार्षद पीयूष साहू, भाजपा नेता शरद मराठा, गौरव राठी उपस्थित हुए। नपाउपाध्यक्ष देवीचंद ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े प्रदेश की महिलाओं के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। जिसके तहत गोद भराई कार्यक्रम भी है। बेटी बचाओ अभियान के तहत भी स्कूली छात्राओं के लिए साईकिल, छात्रवृत्ति योजना, पैदा हुए बच्ची के लिए सुकन्या योजना चला रही है। पार्षद पीयूष साहू ने कहा कि महिलाएं सशक्त हो, समृद्ध हो स्वावलंबी हो इस दिशा में छग सरकार प्रयासरत है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुधा रात्रे, एएनएम उर्वशी दीवान, ममता सिन्हा, सहायिका एवं वार्डवासी तथा छोटे बच्चे उपस्थित रहे।

## नुआखाई पर्व के दिन स्थानीय अवकाश घोषित करने पर कलेक्टर का जताया आभार

**सरायपाली (ग्रामीण)**। ऋषि पंचमी यानी नवाखाई पर्व के दिन महासमुंद कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा स्थानीय अवकाश घोषित किए जाने पर बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज द्वारा खुशी जाहिर की गई है। संभागीय प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी कमलेश साहू ने बताया कि नुआखाई का पर्व पश्चिम उड़ीसा के साथ-साथ फुलझर अंचल एवं ओडिशा के सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले उड़िया संस्कृति को मानन वाले बहुत संख्यक लोगों का मुख्य पर्व है। नुआखाई पर्व को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। यह आपसी भाईचारे और एकता का पर्व है। गांव के लोग इस दिन नई फसल के स्वागत में इस त्यौहार को मनाते आ रहे हैं। इस दिन गांव से बाहर रहने वाले परिजन भी अपने घर वालों के साथ मिल बैठकर नवाखाई पर्व मनाने की परंपरा है। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है। इस कटोरे में धान भरने फुलझर अंचल के कृषकों की बड़ी भूमिका होती है। किसानों की मेहनत जब हरियाली रंग में निखरने लगती है और उनमें जब बालियां आने लगती है तो वह खुशी से झूमने लगता है और अपने खुशी का इजहार के लिए नुआखाई पर्व को बड़े धूमधाम से मानता है। पहले अलग-अलग तिथियों में नुआखाई का पर्व मनाया जाता था, मगर अब ऋषि पंचमी यानी गणेश चतुर्थी के अगले दिन को ही नुआखाई पर्व मनाते हैं। 28 सितंबर को कलेक्टर द्वारा स्थानीय अवकाश घोषित किए जाने से क्षेत्र के उड़िया भाषी लोगों में हर्ष व्याप्त है। अवकाश होने पर अब शासकीय कर्मचारी, अधिकारी, स्कूली बच्चे भी नुआखाई पर्व में शामिल हो सकेंगे।

## शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ मोर्चा खोलने वालों को अंकित ने सराहा

**महासमुंद**। खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि जबसे भाजपा सरकार प्रदेश में बनी है तब से अराजकता को बोल बाला बढ़ता जा रहा है। भ्रष्टाचार, हत्या, चाकूबाजी, लूट, नशाखोरी अपने चरम में इन चंद 20 माह की सरकार में चरम पर पहुंच चुकी है। गांव-गांव में शराब की बिक्री पुलिसिया संरक्षण में चालू है, जिसका ताजा उदाहरण बागबाहरा विकासखंड के डोकरपाली और फिरगी में देखने को मिला, जहां एक ग्राम के ग्रामीणों ने संगठित होकर 3 ट्रैक्टर से ज्यादा महुआ शराब बनाने का पास पकड़ा। वहीं सैकड़ों ग्रामीणों ने शराब को अवैध बिक्री से परेशान होकर बुंदेली चौकी का घेराव किया। इसमें भी हद की बात ये है कि डोकरपाली के ग्रामीणों ने बताया कि कई बार थाने में और पुलिस के जिला अधिकारियों को फोन करने के पश्चात भी जिम्मेदार पुलिस बल नहीं आया और आबकारी के आने और अंत में पास के डिस्पोजल के समय पुलिस के दो आरक्षक आए। इसी प्रकार फिरगी के ग्रामीणों को शराब विक्रेताओं द्वारा झूठी शिकायत में फ़साये जाने का डर सता रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से जितेंद्र साहू सरपंच, तोपसिंग ठाकुर पूर्व सरपंच, बिहारी दीवान उपसरपंच, छोटू बैरागी, राजू यादव, डिगेश्वर दीवान, हीरासिंग दीवान, थानूराम कोसरिया, यश कुमारी दीवान, दयाबाई दीवान, चंद्रिका बाई, खिल कुमारी दीवान, उषा कोसरिया, शेख इसाक खान, नेपाल दास, दिलीप दीवान, गोपाल साहू, इनेश देवांगन, गोपाल साहू, जीवन जगत, पूरन पटेल, फ़गेश, श्रीराम चक्रधारी, पृथ्वी साहू, नंदकुमार ओगरे, ख़रिसाय पटेल मौजूद रहे।



## चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज उपक्षेत्र बेमचा के सामाजिक पदाधिकारियों का हुआ निर्वाचन, देवदत्त निर्विरोध बने अध्यक्ष

**महासमुंद**। चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज रायपुर राज उपक्षेत्र बेमचा के सामाजिक पदाधिकारियों का निर्वाचन उपक्षेत्र मुख्यालय बेमचा में शांति पूर्वक हुई। जिसमें अध्यक्ष-देवदत्त चंद्राकर खरोरा, उपाध्यक्ष-रविकांत चंद्राकर बेमचा, सचिव-हेमेंद्र चंद्राकर खरोरा, कोषाध्यक्ष-दुष्यंत चंद्राकर सोरिद, ट्रस्ट कमेटी सदस्य-चंद्रहास चंद्राकर बेमचा, न्याय कमेटी सदस्य-प्रहलाद चंद्राकर कौंदकेरा, संगठन मंत्री-राधेश्याम चंद्राकर साराडीह, महिला सदस्य हुलसी चंद्राकर बेमचा और विजय लक्ष्मी चंद्राकर खरोरा महिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर बेमचा, युवा अध्यक्ष प्रतीक चंद्राकर बेमचा निर्वाचित हुए। निर्वाचन कराने रायपुर राज से निर्वाचन अधिकारी के रूप में खुमेश चंद्राकर रसनी और समीर चंद्राकर फरफौद उपस्थित रहे। निर्वाचित सामाजिक प्रतिनिधियों ने मिलकर समाज के विकास और उत्थान के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

## इंटर स्टेट यूथ रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप के लिए रवाना

**महासमुंद**। शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बागबाहरा के रेडक्रॉस प्रभारी जीएन बूड़ेक के मार्गदर्शन यूथ रेडक्रॉस वालिंटियर्स धनेश लहरे एवं जयप्रकाश नेताम 21 अगस्त गुरुवार को रायपुर रेलवे स्टेशन से इंटर स्टेट यूथ रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप (22 से 28 अगस्त 2025) में भाग लेने के लिए कुरुक्षेत्र (हरियाणा) के लिए रवाना हुए। यह शिविर पंजाबी धर्मशाला, ब्रह्म सरोवर, कुरुक्षेत्र में आयोजित होगा। प्रस्थान से पूर्व दोनों वॉलिंटियर्स ने कार्यालय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा महासमुंद में जिला संगठक एवं राज्य प्रतिनिधि डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी तथा कार्यालय प्रभारी तेजलाल देवांगन से सौजन्य भेंट की। गौरतलब है कि 22 से 28 अगस्त 2025 तक आयोजित इस शिविर में छत्तीसगढ़ राज्य रेडक्रॉस की 24 सदस्यीय टीम भाग ले रही है। इसमें दो काउंसलर एवं विभिन्न जिलों से आए यूथ रेडक्रॉस वॉलिंटियर्स सम्मिलित हैं। छत्तीसगढ़ राज्य रेडक्रॉस की 24 सदस्यीय टीम आज विशेष प्रशिक्षण/शिविर में भाग लेने के लिए टीम में 2 काउंसिलर एवं 22 वालिंटियर्स शामिल हैं। काउंसलर्स में बालाराम साहू और आकाश गिरी गोस्वामी के संरक्षण में वॉलिंटियर्स सुकलाल सलाम, रितेश बेहरा, बीरेंद्र कुमार शोरी, सचिन कुमार, नीतीश त्रिपाठी, रमेश कुमार, कुणाल देवांगन, लक्ष्य कुमार साहू, नीजू दास, राजेश बख्शी, करमा संन्यासी, मिथलेश्वर, अशोक कुमार, रोहित सिंह, धनेश लहरे, निरंजन निषाद, जयप्रकाश नेताम, योगेश सिंह ठाकुर, संदीप (धमतरी), सीमांत कुमार, अनुराग जैन एवं अभय कुमार शामिल है।

# असाक्षरों को साक्षर करने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकासखंड साक्षरता मिशन प्राधिकरण पिथौरा के निर्देशन में पिथौरा विकासखंड को चार जोन पिथौरा, सांकरा, भुरकोनी एवं पिरदा में बांटकर उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के स्वयंसेवी शिक्षकों का एकदिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। सांकरा जोन में प्रशिक्षण स्वामी आत्मा उत्कृष्ट विद्यालय सांकरा में प्राचार्य दीपक देवांगन के विशेष सहयोग से आयोजित किया गया। जिसमें सांकरा, छुआलीपतेरा, मोहगांव, सल्हेतराई, सलडीह, ढोढरकसा, सावित्रीपुर के स्वयंसेवी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण का प्रारम्भ ब्लॉक नोडल अरुण कुमार देवता, उप नोडल तुलसी पटेल, स्वामी आत्मा नंद उत्कृष्ट विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता एसडी भोई की उपस्थिति में हुआ। सभी स्वयंसेवी शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए ब्लॉक नोडल देवता ने कहा कि साक्षरता अभियान एक पुनीत



कार्य है। स्वयंसेवी शिक्षकों को उल्लास नवभारत कार्यक्रम के उद्देश्य बताते हुए खेमलता प्रधान बीआरजी द्वारा पांच घटक के प्रत्येक ईकाई को विस्तार से समझते हुए कक्षा संचालन करने, 200 घंटे पढाने के लिए किस प्रकार तैयारी करें, बहुत ही सरलता से बताया। उन्होंने कहा कि महासमुंद जिले में साक्षरता की दर बढ़ाने के लिए शिक्षकों, असाक्षरों, स्वयंसेवी शिक्षकों तथा समुदाय को मिलकर सहयोग करना होगा। बीआरजी अशोक पटेल समन्वयक सुखीपाली ने स्वयंसेवी शिक्षकों से अभिलेख कैसे बनाए पर विस्तार से चर्चा परिचर्चा के माध्यम से बताया। इसी दौरान जिला साक्षरता नोडल अधिकारी संपा बोस (एपीसी) महासमुंद का आगमन हुआ। साक्षर भारत साक्षर छत्तीसगढ़ बनाने के लिए सभी के द्वारा शपथ ग्रहण किया गया। इस अवसर पर तुलाराम राणा समन्वयक छुआलीपतेरा, अंजय कश्यप समन्वयक, मिलु राम बरिहा समन्वयक, परशुराम बरिहा उपस्थित रहकर प्रशिक्षण को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किए।

## खबर संक्षेप



### सेवा केंद्र में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** विश्व बंधुत्व दिवस एवं भूतपूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि के 18वीं पुण्यस्मृति दिवस पर स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन नयापारा वार्ड में विशाल रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। जहां सौ से अधिक स्थानीय नागरिकों ने स्वेच्छिक रक्तदान कर अनेक दुआओं से अपनी झोली भरी। इस कार्य का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष निखिल कांत साहू ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक चले इस अभियान में सबने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीती दीदी ने बताया कि यह अभियान भारत के कोने-कोने में 22 से 25 अगस्त के बीच चलाया जा रहा है।



### सोरिद में हुआ विधिक जागरुकता कार्यक्रम

**महासमुंद।** हाईस्कूल सोरिद में जिला न्यायालय महासमुंद द्वारा विधिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रियतोश साहू पीएलवी एवं बाबी गंडेचा पैरालीगल वालेंटियर बच्चों को बताया गया कि एफआईआर क्या होता है। बच्चों को गुड टच बेड टच का मतलब बताया गया। कोई बुलाए तो बिना आसपास के लोगों बताए बिना नहीं जाना चाहिए। डान योजना, जागृति योजना, संवाद योजना, आवाज योजना से संबंधी जानकारी दी गई। आभार प्रदर्शन प्रभारी प्राचार्य सुखेंद्र द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर व्याख्याता रामकुमार जांगडे, व्याख्याता पूजा श्रीवास्तव, व्याख्याता नेहा संगतानी, मंजू दीवान, विज्ञान सहायक मनीष नंदेश्वर, शिक्षक सोहनलाल साहू, सीएच एलबिना, समीर चौधरी, चेतन सहिस आदि उपस्थित रहे।



### दाबपाली स्कूल में मनाया पोला पर्व

**नर्रा।** बागबाहरा विखं के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दाबपाली में छग के पारपंरिक पर्व पोला मनाया गया। सर्वप्रथम मिट्टी से बने नादिया बैल की पूजा अर्चन की गई। इसके बाद शिक्षक शिक्षिकाओं का स्वागत बच्चों ने गुलाल से टीका लगाकर किया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक शंकरलाल दीवान ने छात्रों को बताया कि यह पर्व छग का पारंपरिक पर्व है, जो खेल विभिन्न सांस्कृतिक विधा, लोकगीत के बारे में संबंधित है। इस अवसर पर अमित मार्टिन शिक्षक, ललित पटेल शिक्षक, भुनेश्वर नायक शिक्षक, सौरभ शिक्षक, रणजीत कौर छाबड़ा शिक्षिका, कुलेश दीवान शिक्षिका एवं बच्चे उपस्थित रहे।

**चयन: स्वयंसेवक विश्वविद्यालय स्तर पर महासमुंद जिले का करेंगे प्रतिनिधित्व**

# महासमुंद जिले के छह स्वयंसेवकों का विश्वविद्यालय स्तर पर चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

राष्ट्रीय सेवा योजना पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन 2025- 26 में भागीदारी के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का जिला स्तरीय चयन 23 अगस्त 2025 को शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य करुणा दुबे एवं जिला संगठक रासेयो डॉ. मालती तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

पूर्व गणतंत्र दिवस परेड 2025-26 का आयोजन भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए प्रत्येक जिला द्वारा जिला स्तरीय चयन प्रक्रिया पश्चात चयनित स्वयंसेवक विश्वविद्यालय स्तर पर सम्मिलित होंगे। इसी के अंतर्गत महासमुंद जिला में जिला स्तरीय परेड चयन शिविर आयोजित किया गया। उक्त चयन शिविर में स्वागत उदबोधन में संयोजक डॉ. मालती तिवारी ने सभी स्वयसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए समस्त नियमावली की जानकारी दी। प्राचार्य करुणा दुबे ने कहा कि परिश्रम एवं नियमित अभ्यास व्यक्ति को ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है। आप सभी की तत्परता एवं मेहनत एक दिन अवश्य रंग लाएगी, जिम्मेदारियां व्यक्तित्व का निर्माण करती है। अतः जिम्मेदारियां लेने से ना घबराएं, निरंतर उसे पथ पर आगे बढ़ते रहें और अपना स्वयं का दायित्व का निर्वहन ईमानदारी से करते रहे।



परेड में चयनित स्वयंसेवक महिला इकाई से ज्योति निर्मलकर शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रेणु कुम्हार शासकीय खे. ल. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बागबाहरा, देवयानी सोनवानी शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय चयनित हुए। प्रतीक्षा सूची में बबली बेलदार शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय रही। इसी प्रकार पुरुष इकाई से गोरेलाल चतुर्वेदी शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अरविंद कुमार श्याम बालाजी महाविद्यालय, राहुल जोशी शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको जिला स्तरीय परेड चयन शिविर में जिला महासमुंद के शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको चयनित हुए। प्रतीक्षा सूची में गजेंद्र निषाद शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय रहे। उक्त जिला स्तरीय चयन शिविर में शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय, डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा, इंडियन कॉलेज महासमुंद, शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद पुरुष एवं महिला इकाई, श्याम बालाजी महाविद्यालय, शासकीय खे.ल. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बागबाहरा, शांत्रिबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय से स्वयंसेवक 35 स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। चयन समिति में प्राचार्य करुणा दुबे, लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर एनसीसी अधिकारी, डॉ सरस्वती वर्मा कार्यक्रम अधिकारी, अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी, कमला दीवान कार्यक्रम अधिकारी सम्मिलित रहे। साथ ही कार्यक्रम अधिकारी राजेश्वरी सोनी, चुम्मन लाल निषाद, मनहरण ठाकुर, डॉ खिलावन पटेल, निर्मल बंजारे की उपस्थिति रही। चयन समिति में विशेष रूप से योग सहायक शिक्षक कुलेश्वर पेंदरिया, एनसीसी सीनियर हिमांशु तिवारी द्वारा परेड एवं ड्रिल कराया गया व ऊंचाई की जांच की गई। डॉ. सरस्वती वर्मा, राजेश्वरी सोनी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं एनएसएस की जानकारी की प्रस्तुतियां का निरीक्षण किया गया। प्राचार्य एवं चयन समिति लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर एनसीसी अधिकारी का बैच लगाकर, बुके एवं मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया गया। सभी चयनित स्वयंसेवको को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग के लिए कपिल पेंदरिया योग सहायक शिक्षक एवं वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रकाशमणि साहू को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ स्वयंसेवक मनोज देवांगन, विजय ब्रम्हे, जनक साहू, वर्षा साहू, भुनेश्वरी कोसले, गरिमा परमार ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन राजेश्वरी सोनी एवं आभार अजय कुमार राजा ने किया।

## पोला त्योहार हमारे छत्तीसगढ़ की संस्कृति की पहचान : योगेश्वर राजू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

शनिवार को पूरे प्रदेश में पोला त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने भी सपत्नीक अपने कार्यालय में पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पोला त्यौहार के दिन कृषि के लिए उपयोग होने वाले पशु अर्थात बैलों की पूजा की जाती है। त्यौहार मनाने के पीछे यह भी मान्यता है कि धान फसल का गर्भ धारण होता है, इसलिए यह पर्व मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष यह पर्व भाद्रपद माह के अमावस्या को मनाया जाता है। वैसे तो यह पर्व पूरे प्रदेश का है, पर किसानों के लिए यह खास होता है। फसलों के बढ़ने की खुशी में किसानों द्वारा बैलों की पूजन कर यह पर्व मनाया जाता है। गांव के किसान सुबह से ही बैलों को नहला-धुलाकर सजाते हैं, फिर हर घर में उनकी विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। कई गांवों में इस अवसर पर बैल दौड़ का भी आयोजन किया जाता है। शहरों में प्रतीक के तौर पर मिट्टी के बैलों की पूजा कर अपने परंपरा का निर्वहन करते हैं। हमारी संस्कृति को सुदृढ़ करने में तीज त्योहारों का विशेष महत्व होता है। यह हमें अपनी मूल संस्कृति से जोड़े रखती है।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, वरिष्ठ नेतागण संदीप घोष, प्रकाश शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, तिलक साव, सुरेश कुमार साहू, शरद राव, रामेश्वर पटवा, महेंद्र सिक्का, नीलू ओगरे सहित अन्य उपस्थित रहे।



## भोजली पर्व को लेकर नौ दिन तक माता के भक्ति में लीन श्रद्धालु

**बिरकोनी।** ग्राम बड़गांव व नयापारा, अछरीडीह में लोकपर्व भोजली का त्योहार बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। नौ दिन के इस पर्व में भक्तिमय गीतों से खुशनुमा माहौल है। कृष्ण जन्माष्टमी के दिन से भोजली पर्व प्रारंभ हुई है। भक्तों ने मंदिर और घरों में मिट्टी से भरी बांस की छोटी-छोटी टोकरियों में धान, गेंहू जौ के बीज बोये हैं। भोजली माता के पौधे पर हल्दी पानी छिड़काव कर रहे हैं। प्रतिदिन सेवा की जा रही है। प्रत्येक दिन बालिकओं द्वारा भोजली गीत और रात्रि में पूजा आरती के बाद सेवागीत से आराधना की जा रही है। वहीं कृषक भक्त द्वारा अच्छी वर्षा और फसल की कामना की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से निष्ठा व श्रद्धा के साथ ही भोजली पर्व प्रत्येक साल मनाने की परंपरा है। यहां पौधे नौ दिन में ही पूजा अर्चना के पश्चात जल अर्पित करने से बढ़ रहे हैं। ग्रामीण यह पर्व को मित्रता के प्रतीक मानते है। पर्व में गांव के लोग दोस्ती को उम्र भर निभाने का संकल्प लेते है। बच्चे रक्षाबंधन के बाद से ही इस पर्व की तैयारी में जुट जाते है।

### सड़क मरम्मत व निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात



**सरायपाली।** विधानसभा में विभिन्न मार्गों के मरम्मत व निर्माण की मांग को लेकर भाजपा जिला महामंत्री संजय शर्मा द्वारा कस्तूराबहाल के ग्रामीणों के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की गई। उक्त जानकारी देते हुए शर्मा ने बताया कि इसमें कस्तूराबहाल से बांजीबहाल मार्ग के लिए 5 करोड़ रूपए तथा पुटका से मानपाली मार्ग के लिए 3 करोड़ रुपए की स्वीकृति मुख्यमंत्री द्वारा दी गई है। जिसमें कस्तूराबहाल से बांजीबहाल मार्ग का टेंडर भी लग गया है। दूसरे मार्ग का भी टेंडर जल्दी लगने की बात उन्होंने कही। इसके अलावा अन्य मार्गों के मरम्मत के संबंध में भी मुख्यमंत्री से चर्चा की गई, जिस पर उन्होंने जल्द ही स्वीकृत करने का आश्वासन दिया है। मार्गो की स्वीकृति देने पर मुख्यमंत्री से मुलाकात करने गए सभी ग्रामीणों ने उनका आभार प्रकट किया।

## उद्यमिता दिवस पर निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

शसकीय महाविद्यालय में कॉमर्स और अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में उद्यमिता दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, नवाचार एवं आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करना रहा। विद्यार्थियों ने पोस्टर के माध्यम से अपने विचारों को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया तथा निबंध लेखन में उद्यमिता के महत्व और स्वरोजगार की संभावनाओं पर अपने विचार साझा किए। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संध्या भोई ने इस अवसर पर कहा कि आज के युवा यदि उद्यमिता की ओर कदम बढ़ाते हैं, तो वे न केवल स्वयं के लिए रोजगार का सृजन कर सकते हैं बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल द्वारा श्रेष्ठ प्रतिभागियों को चयनित किया गया तथा विजेताओं को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई।






### बिरकोनी में धूमधाम से मनाया पोला पर्व, बैलों की हुई पूजा अर्चना

**बिरकोनी।** छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्व पोला क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। घरों में सुबह से ही त्योहार का खुशनुमा माहौल रहा। कृषि कार्य बंद रखकर किसानों ने कृषि में सहयोग करने वाले मवेशियों की पूजा अर्चना की। घरों में पूजन स्थल पर मिट्टी से बने बैल को सजाकर, खिलौनों की पूजा की गई। छोटे बच्चे पहिए लगे मिट्टी के बैलों को दौड़ाते देखे गए। इसके अलावा बच्चियां मिट्टी के बने पात्र आदि से खेलते रहे। पर्व को लेकर बच्चों में कापी उत्साह रहा। नांदिया बैल व खिलौनों को खेलते हुए बच्चे नजर आए। खिलौने से खेलते बच्चों में पारिवारिक माहौल रहा। वहीं ग्राम के नंदीश्वर में किसानों ने पूजा अर्चना कर, चावल के बने पकवान की भोग लगाई। पर्व विशेष पर बनाए जाने वाले पंरपरागत पकवान कृषक के घरों में बनाए गए।व सभी परिवार के सदस्यों ने इसका लुफ्त उठाया।

## देश की संस्कृति व परंपरा को जानने का बेहतर माध्यम है भारत दर्शन प्रदर्शनी कार्यक्रम : निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

स्थानीय स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम आदर्श मिडिल स्कूल में भारत दर्शन कार्यक्रम के तहत प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने देश के विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा एवं स्वादिष्ट व्यंजनों का मनमोहक प्रदर्शन किया। साथ ही प्रत्येक राज्य के स्टॉल लगाकर बच्चों ने वहां की संस्कृति, पहनावा और व्यंजन प्रस्तुत कर एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को सजीव किया।



कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने बच्चों द्वारा लगाए स्टाल का अवलोकन कर उनकी प्रस्तुति की सराहना की। पालिका अध्यक्ष साहू ने कहा कि भारत-दर्शन प्रदर्शनी कार्यक्रम से छात्रों में एक विशेष अनुभूति जागृत होगी। जिससे वे भारत की विभिन्नताओं, इतिहास, विज्ञान, शिष्टाचार और परम्परा को कार्यक्रम के माध्यम से जान सकेंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से हाईस्कूल के प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य, डाइट शिक्षक टेकराम सेन, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक चिंतामणि चंद्राकर, शिक्षक भगोली राम साहू, किसन राम साहू, जगन्नाथ साहू, इंदु देवांगन, भारती सोनी, कमलेश चंद्राकर, शिवम चंद्राकर, मनोज साहू सहित बड़ी संख्या शिक्षक व विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

### रेडक्रास भवन में स्व. संतोष कुमारी को दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा महासमुंद द्वारा रेडक्रॉस भवन में जिला कलेक्टर एवं सोसाइटी के अध्यक्ष विनय कुमार लहंगे की माता स्वर्गीय संतोष कुमारी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने स्वर्गीय संतोष कुमारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा में उपाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार राठौर, सभापति संदीप दीवान, जिला संगठक एवं राज्य प्रतिनिधि डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी, कोषाध्यक्ष पारस चोपड़ा, प्रबंध समिति सदस्य प्रमोद तिवारी, प्रबंध समिति सदस्य राजेश्वर खरे, प्रबंध समिति सदस्य अरसी अनवर, पूर्व जनपद सदस्य डॉ. वाणी तिवारी, देवनारायण सिन्हा, कार्यालय प्रभारी तेजलाल देवांगन तथा द्वारिका प्रसाद सिन्हा आदि मौजूद रहे।

C.G.COLLEGE/SCHOOL OF NURSING
Raipur & Bilaspur
23 वर्षों से संचालित नर्सिंग चिकित्सा, शिक्षा व समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था
BSc Nursing
4yr (12 पास बायो के लिए)
GNM Nursing
3yr (12वी पास सभी विषयो के लिए)
सी जी कॉलेज / स्कूल ऑफ नर्सिंग क्यों है स्टूडेंट्स की पहली पसंद ?
रजिस्ट्रेशन प्रारंभ 2025-26




क्योंकि
• अब तक 1700+ विद्यार्थी सरकारी नौकरी व 2200+ विद्यार्थी को प्राइवेट अस्पताल मे नौकरी प्राप्त
• सुरक्षित कैम्पस • अनुभवी शिक्षको द्वारा शिक्षा
• छ.ग. के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल मेकाहारा व जिला चिकित्सालय रायपुर-बिलासपुर में क्लीनिकल प्रशिक्षण
सेपरेट गर्ल्स और बॉयज़ हॉस्टल
100% कैम्पस प्लेसमेंट की गारंटी
24x7 CCTV कैमरे की निगरानी
ADMISSION RELATED QUERY:
New Rajendra Nagar, Raipur 9993582707, 7722991707
Kota Road, Sakri, Bilaspur 7722995707, 9993575707
@cgcollegeofnursing +91 9993582707 www.cgnursing.com ccnraipur@gmail.com
#Rajesh

# भंवरपुर नवीन महाविद्यालय में जूनियर छात्रों का हुआ स्वागत समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

भंवरपुर नवीन महाविद्यालय में एक रंगारंग और उत्साहपूर्ण स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सीनियर छात्र-छात्राओं ने नवप्रवेशी जूनियर छात्र-छात्राओं का हार्दिक स्वागत किया। इस समारोह में विविध सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी और व्यवसायी जितेंद्र वैष्णव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे भंवरपुर पंचायत परिसर के बिहान भवन के सभागार में हुआ। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और मां सरस्वती की वंदना के साथ हुई, जिसमें मुख्य अतिथि जितेंद्र वैष्णव, भोज प्रधान, विजय कुमार चौहान और छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

स्वागत समारोह का मुख्य उद्देश्य नवप्रवेशी जूनियर छात्र-छात्राओं को कॉलेज के माहौल से परिचित कराना और उनके बीच सीनियर-जूनियर के रिश्ते को मजबूत करना था। सीनियर छात्रों ने जूनियर छात्रों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। प्रत्येक नवागत छात्र को तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान सीनियर छात्रों ने जूनियर छात्रों को कॉलेज के नियमों, परंपराओं और शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। इस अनूठे स्वागत ने नवागत छात्रों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी और उन्हें कॉलेज परिवार का हिस्सा होने का एहसास कराया।

## मुख्य अतिथि का प्रेरणादायी उद्बोधन

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जितेंद्र



वैष्णव ने अपने संबोधन में छात्रों को शिक्षा के महत्व और जीवन में अनुशासन की भूमिका पर बल दिया। उन्होंने कहा, शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है; यह आपके व्यक्तित्व को निखारने और समाज के प्रति आपके दायित्व को समझने का माध्यम है। आप सभी युवा देश का भविष्य हैं, और यह आपका कर्तव्य है कि आप अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज के उत्थान के लिए करें। वैष्णव ने कॉलेज के सीनियर छात्रों की इस पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजन सीनियर-जूनियर के बीच भाईचारे और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है। आपको न केवल अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना है, बल्कि अपने कौशल को विकसित करना है और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए तैयार रहना है।" उनके प्रेरणादायी शब्दों ने छात्रों में जोश और उत्साह का संचार किया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति

स्वागत समारोह का एक प्रमुख आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम थे, जिनमें छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सीनियर और जूनियर छात्रों ने मिलकर नृत्य, गायन, नाटक और कविता पाठ जैसे विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विशेष रूप से, लोकनृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया। लोकनृत्य की प्रस्तुतियों ने सभागार में तालियों की गड़गड़ाहट बटोरी। वहीं कार्यक्रम में वरिष्ठ छात्र भूपेंद्र चौधरी ने जूनियर छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा, भंवरपुर नवीन महाविद्यालय न केवल शिक्षा का केंद्र है, बल्कि यह एक ऐसा मंच है जहाँ आप अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। यहां आपको न केवल किताबी ज्ञान मिलेगा, बल्कि नेतृत्व, सहयोग और नैतिकता जैसे मूल्यों को भी सीखने का अवसर मिलेगा। इस प्रतियोगिता में उपस्थित नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि जितेंद्र वैष्णव, भोज प्रधान और विजय चौहान द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सीनियर छात्र भूपेंद्र चौधरी को भी सम्मानित किया गया।

# इंस्पायर अवार्ड मानक के प्रति जागरुकता कार्यशाला में हुए 120 टीचर लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

सरायपाली विकासखंड के समस्त मिडिल, हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के इंस्पायर अवार्ड मानक प्रभारी शिक्षक/ शिक्षिकाओं की विशेष कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत नरेगा हाल में किया गया, जिससे ब्लॉक के 120 टीचर्स लाभान्वित हुए।

इंस्पायर अवार्ड मानक भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित एक विशिष्ट कार्यक्रम है। जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान की ओर आकर्षित करना एवं उनके मौलिक विचारों,नवाचारों एवं नवप्रवर्तन को बढ़ावा देना है। कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर बीईओ प्रकाशचंद्र मांझी ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें विद्यार्थियों की मौलिक विचारों को लेकर आगे बढ़ना चाहिए जिससे विद्यार्थियों को प्रोत्साहन मिल सके। बीआरसीसी सतीश स्वरूप पटेल ने कहा कि शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को अपने आसपास की समस्याओं का चिन्हांकन करते हुए उसके समाधान के लिए नए आइडिया के साथ नवाचार करने अभिप्रेरित करना नितांत आवश्यक है। कुशल



प्रशिक्षक द्वय व्याख्याता निर्मल कुमार प्रधान (ब्लॉक नोडल अधिकारी इंस्पायर अवार्ड मानक) एवं शिक्षक यशवंत कुमार चौधरी (सहायक ब्लॉक नोडल अधिकारी इंस्पायर अवार्ड मानक) द्वारा दो पालियों में प्रभारी शिक्षक/शिक्षिकाओं को प्रभावी ढंग से कार्ययोजना बनाकर कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षित किया गया।

प्रशिक्षक यशवंत कुमार चौधरी ने बताया कि संवेदना सहित बाल वैज्ञानिकों को तलाशने और तराशने के साथ-साथ सृजनशीलता, रचनात्मकता कल्पनाशीलता को नया आयाम देने सतत मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन आवश्यक है। इंस्पायर अवार्ड मानक के तहत विचार, प्रोजेक्ट, मॉडल चयन के लिए उसकी नवीनता, व्यवहारिकता, सामाजिक उपयोगिता, पर्यावरण की अनुकूलता, मौजूदा तकनीक से बेहतरी आधार पर किया जाना उचित है। प्रशिक्षक निर्मल कुमार प्रधान ने इंस्पायर अवार्ड मानक के तहत विचार, मॉडल, प्रोजेक्ट पंजीयन प्रक्रिया को प्रोजेक्टर के माध्यम से ऑडियो-विजुअल टूल्स के जरिए क्रमशः जानकारी देते हुए इस दौरान होने वाली असुविधा/ समस्याओं/बारिकियों से अवगत कराते हुए उसके समाधान के तरीके सहजता से बताया। प्रत्येक मिडिल/हाई/हायर सेकंडरी विद्यालय से विद्यार्थियों से प्राप्त यूनिक, उपयोगी पांच आईडिया/प्रोजेक्ट/मॉडल का चयन कर इंस्पायर अवार्ड मानक पोर्टल में समयसीमा में ऑनलाईन सबमिट करने कार्यशाला में प्रेरित किया गया। प्रतिवर्ष 6वीं से 10 वीं तक के विद्यार्थियों को ही पात्र माना जाता था, इस वर्ष से ग्यारहवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों को भी इसमें पात्र माना गया है। प्रत्येक चयनित आइडिया/ प्रोजेक्ट/ मॉडल के लिए दस हजार रुपए की राशि केंद्र प्रवर्तित योजना अंतर्गत डीबीटी के माध्यम से विद्यार्थी के बैंक खाते में सीधे दी जाती है। कार्यशाला को सफल बनाने में समस्त नोडल प्राचार्य, समस्त सीएसी, समस्त संस्था प्रमुखों सहित स्टॉफ एवं जनपद पंचायत नरेगा स्टॉफ आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# गांवों में भोजली विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई



**नर्रा।** नर्रा समेत आसपास गांवों में भादो माह के कृष्ण पक्ष कमरछठ व जन्माष्टमी के दिन से भोजली पर्व प्रारंभ हुई, जो कि नौ दिनों तक घरों व सार्वजनिक स्थान पर भोजली पर्व सेवा गीत गाकर बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। पाटा बाँस के टोकरियों में खाद, धान, जौं, गेहूं, उड़द, मूंग इत्यादि बीज बोए गए। नौ दिनों तक भोजली रानी की सुबह व शाम आरती विधि विधान से पूजन अर्चन की गई। रात्रि में मांदर, झांझ, मंजीरा की थाप पर जस सेवा गीत गायन कर आराधना की गई। भोजली पर्व को लेकर बालिकाओं में ज्यादा उत्साह देखा गया। भादो माह के कृष्ण पक्ष अमावस्या यानी पोला त्योहार मनाने के बाद संध्या सेवा मंडली टोलियों के साथ बालिकाओं ने भोजली को सिर पर रखकर गांवों के मुख्य गलियों में विसर्जन शोभायात्रा निकली, जहां पुरुष, महिलाएं व बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। भोजली पर्व का विशेष महत्व अटूट दोस्ती और अच्छी फसल की कामना के लिए है। भोजली विसर्जित कर लौटने के बाद सुआ गीत नृत्य की आज से आगाज होगा।

## खबर संक्षेप



### स्कूली बच्चों को कराया गया न्योता भोज

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन की प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत न्योता भोज का आयोजन विकासखंड कार्यालय महासमुंद के लेखपाल सीके तिवारी द्वारा अपने पुत्र चंद्रहास तिवारी के जन्मदिन पर किया गया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, समन्वयक सुरेंद्र चंद्राकर, शिक्षक देवेंद्र ठाकुर, मनीषा साहू, विमलेश्वरी, स्वाति, रसोइया निशा, लक्ष्मी, मोनिका, ईश्वरी आदि मौजूद रहे।



### सोरम में मनाया गया पोला पर्व

**खल्लारी।** खेती किसानी और समृद्धि का प्रतीक पोला त्योहार ग्राम सोरम में धूमधाम से मनाया गया। किसानों ने अपने बैलों को नहला कर सजाया और उनकी पूजा की गई। इसी के साथ घरों में अनेक प्रकार के पकवान बनाए गए और लोगों ने मिलकर त्यौहार का आनंद लिया। इस पूजा समारोह में गांव के सरपंच सरोज लालसिंग दीवान, टिकेश दीवान उपस्थित रहे। साथ ही गांव के प्रमुख नागरिक हीरासिंग निषाद, खेमराज यादव, विश्वनाथ गुप्ता, विक्रम यादव, अख्तर बेग, किशोर चंद्राकर, नरसिंग चंद्राकर, बालक दास आदि ने बताया कि गांव में उल्लास के साथ यह पर्व मनाया गया।



### सिंघी स्कूल में मनाया गया पोला का पर्व

**खल्लारी।** शासकीय प्राथमिक शाला सिंघी में पोला पर्व मनाया गया। बच्चों द्वारा बैल एवं जाता पोला, जैसे खेल का आयोजन किया गया। बच्चे ठेठरी, खुर्मी, मीठा व्यंजन लेकर आए थे। शिक्षकों ने इस पारंपरिक पर्व के बारे में बच्चों को जानकारी दी। इस अवसर पर पीतांबर राव पाठक (प्रधान पाठक), राजेंद्र साहू, नूतन दुबे, प्रतिभा साहू, रूपसिंह दीवान, आलोक चंद्राकर, भीखम कश्यप, रोहित पटेल, शबनम मिर्जा शामिल हुए।

## निधन

### नरेंद्र गजेंद्र



**महासमुंद।** ग्राम बोरियाझर निवासी नरेंद्र गजेंद्र पिता महादेव प्रसाद गजेंद्र (40 वर्ष) का 21 अगस्त को हृदयाघात से निधन हो गया हैं। वे शासकीय महाविद्यालय महासमुंद के छात्रसंघ अध्यक्ष रहे हैं। उनके अंतिम यात्रा में गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



**नर्रा।** ग्राम कोकड़ी में पोला पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दिन किसानों ने मिट्टी से बने नदिया बैल की पूजा अर्चना कर ठेठरी खुरमी बड़ा, पूड़ी का भोग लगाया। पूजा के बाद बच्चे नंदिया बैल लेकर खेलते हुए दिखे।



### स्पर्धा के लिए 19 छात्रों का चयन

**कोमाखान।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर कोमाखान से 19 छत्रों का चयन जिला स्तरीय खेलकूद एवं बौद्धिक प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो 23 एवं 24 अगस्त को सशिमं नरतोरा (झलप) में होगा।

# धूमधाम से मनाया गया पोला पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

छत्तीसगढ़ के पारपंरिक पर्व पोला शनिवार को ग्रामीण क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। बता दें कि यह पर्व खेती-बाड़ी कृषि और पशुधन से जुड़ा हुआ है। यह माना जाता है कि अन्नमाता गर्भ धारण करती है यानी धान के पौधों में दूध भर जाता है, इसलिए इस दिन खेत जाने की भी मनाही होती है। ज्यादातर गांवों में इस रात को बैगाओं द्वारा गर्भ पूजा की जाती है। इस पर्व पर गांव के बैगाओं द्वारा प्रत्येक घरों में धान की बालियां लगाने की परंपरा है। इस पर्व पर किसानों द्वारा मिट्टी से बने नंदिया



बैल, पोरा जांता खिलौने इत्यादि की पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाकर भोग लगाया जाता है। वहीं बैलों को परिवार का हिस्सा माना जाता है और उनके प्रति कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त करने इस दिन से बैलों को खेतों के काम से पूरी तरह छुट्टी दी जाती है, उन्हें आराम करने दिया जाता है। वहीं पूजा के बाद नांदिया बैल को बच्चे खेलते नजर आए।



### रामायण कार्यक्रम में शामिल हुई देवकी

**भंवरपुर।** कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में भंवरपुर के गोपाल अग्रवाल परिवार द्वारा रामायण गान का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में देवकी पुरुषोत्तम दीवान छत्तसगढ़िया कृषि सभापति जिला पंचायत महासमुंद की रामायण मंडली मया के दुवार द्वारा प्रस्तुती दी गई। इस अवसर पर देवकी ने अपने आतिथ्य उद्बबोधन में कहा कि रामायण गान प्राचीन काल से चली आ रही है। गांव में हर धार्मिक कार्यक्रम के सांथ ही त्योहारों में आवश्यक रुप से आयोजन होता है। विगत 20 वर्षों से अग्रवाल परिवार द्वारा रामायण का आयोजन सराहनीय कदम है। इसमें चतुर्वेदी मानस मंडली जमनीडीह एवं गौचरण देवांगन मानस मंडली भंवरपुर ने सुमधुर भजनों के साथ अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में डा.सोमनाथ पटेल कोषाध्यक्ष भाजपा मंडल भंवरपुर, खिरोद देवांगन प्रवचनकार, गायक जयरामदास वैष्णव मर्यादा मानस मंच, बेंजो वादक चाणक्यदास वैष्णव, तबला वादक, उदय चौहान पंच, प्राचार्य स्वर्णकार शिशु मंदिर, छोटू अग्रवाल आदि उपस्थित थे।




